तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 हर ब्लॉक के कम से कम 10 गांवों में शत-प्रतिशत फसल...



14 धमतरी में सड़कों की मरम्मत को मिली रफ्तार



## खबर संक्षेप

### सर्द हवाओं से गिरा तापमान

**धमतरी।** उत्तर दिशा से सर्द हवाओं के आगमन के साथ जिले में तापमान का पारा गिरने लगा है। उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने की संभावना है, वहीं मध्य छत्तीसगढ़ के तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में 1 से 2 डिग्री तापमान गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। अगले 48 घंटे में दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आ सकती है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 28 से 15 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है। रविवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस अम्बिकापुर में दर्ज किया गया है।

- अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 28 से 15 डिग्री के आसपास रहने की संभावना

### बटंचीबाज युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने एक युवक को धारदार बटंची चाकू के साथ गिरफ्तार किया। युवक विंध्यवासिनी मंदिर के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था। एसपी धमतरी के



निर्देश पर धमतरी पुलिस असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर अभियान चला रही है। रविवार को भी पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान इतवारी बाजार के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बिलाईमाता मंदिर के समीप धारदार चाकू लहराते हुए राहगीरों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने रामबाग के पास दो स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। आरोपी प्रफुल्ल कुमार गजबिये हाथ में स्प्रिंगनुमा धारदार बंटची चाकू लिए हुए मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शनिवार, रविवार की छुट्टी का अड़ंगा, कर्मचारी भी आंदोलन पर

# निर्धारित तिथि में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुरू होना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी निर्धारित तिथि से दो दिन बाद होगी। 15 नवंबर को शनिवार और 16 नवंबर को रविवार होने के कारण खरीदी सोमवार को 17 नवंबर से होगी। उधर अब तक धान खरीदी के लिए टोकन कटना शुरू नहीं हुआ है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते किसानों को धान खरीदी को लेकर अपडेट भी नहीं मिल रहा है।

इस बार धान खरीदी समस्याओं के बीच होगी। जिस तिथि में धान खरीदी शुरू करने की घोषणा की गई है, उस दिन शनिवार की छुट्टी है। दूसरा दिन रविवार है। यही नहीं 14 तारीख को कैबिनेट की बैठक है। इन कारणों के चलते इस साल धान खरीदी दो दिन विलंब से शुरू होने की संभावना है। उधर धान खरीदी से पहले सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ संविदा कम्प्यूटर आपरेटर महासंघ के बैनरतले धान खरीदी केंद्रों के सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं जिसके चलते जिले की सभी सहकारी समितियों में तालाबंदी की स्थिति है। इस समस्या के चलते किसानों को धान खरीदी के संबंध में ताजा जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। लगातार किसान जानकारी लेने के लिए धान खरीदी केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन बिना कोई जानकारी लिए वे खाली हाथ लौट रहे हैं।



#### कर्मचारियों का आंदोलन जारी

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी आंदोलन पर डटे हुए हैं। समय पर यदि उनका आंदोलन समाप्त नहीं होता है तो धान खरीदी व्यवस्था चरमरा जाएगी। अभी भी सहकारी समितियों में तालाबंदी की स्थिति है। धान खरीदी केंद्रों में तैयारी ठंडी पड़ी हुई है। यही नहीं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ भी चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। 12 नवंबर से उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

#### टोकन को लेकर कोई निर्देश नहीं

धान खरीदी शुरू होने में मात्र कुछ दिन शेष है। बड़ी संख्या में किसान धान की कटाई, मिंजाई कर धान बेचने के लिए तैयार हैं, लेकिन धान खरीदी के लिए अब तक टोकन काटना शुरू नहीं किया गया है। हड़ताल के कारण अधिकांश किसान ऑनलाइन एप टोकन तुंहर हाथ से टोकन काटने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस एप में अभी टोकन कटना शुरू नहीं हुआ है। धान खरीदी शुरू होने से पहले टोकन कटने से कई किसान समस्या में पड़ जाएंगे। टोकन के लिए लंबी कतार होने पर किसानों को परेशानी होगी।

# कथित चंगाई सभा में हुआ हंगामा धर्मांतरण के आरोप पर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला कराया शांत



शहर की एक कॉलोनी में रविवार की सुबह आयोजित कथित चंगाई सभा को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक मकान में बिना अनुमति के धार्मिक सभा आयोजित की जा रही थी, जिसकी सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभा को अवैध बताते हुए नारेबाजी की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार यह सभा पिछले कुछ हफ्तों से हर रविवार को आयोजित की जा रही है, जिसमें आसपास के इलाकों से लोग शामिल हो रहे हैं। रविवार की सुबह जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसकी सूचना हिंदू संगठन को दी। संगठन के सदस्यों का आरोप है कि इस सभा की आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियां की जा रही हैं और हिंदू समाज के लोगों को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मंच के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सभा के दौरान मकान के दरवाजे बंद कर जोर-जोर से प्रार्थना की जाती है, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी होती है। उनका कहना था कि देर रात तक चलने वाली इन बैठकों से इलाके में शांति भंग होती है। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन इस तरह की अवैध धार्मिक सभाओं पर तत्काल रोक लगाएं और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर माहौल शांत करवाया। फिलहाल चंगाई सभा को रोक दिया गया है और आयोजन करने वालों से पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि बिना अनुमति के एक मकान में धार्मिक सभा चल रही है। मौके पर जाकर सभा को बंद कराया गया है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी।

इधर, एसडीएम कार्यालय ने भी घटना की पुष्टि की है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति आवश्यक होती है। यदि आयोजकों ने अनुमति नहीं ली है, तो नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से हर रविवार को इस तरह की प्रार्थना सभा हो रही है, जिसमें बाहर से लोग आकर भाग लेते हैं। हमने कई बार आयोजकों से कहा कि आवाज ⏩ शेष पेज 12 पर

### मेटाडोर में गौवंश को मृत स्थिति पर पाये जाने पर उच्चस्तरीय जांच की मांग की

# युवा कांग्रेस ने किया राष्ट्रीय गौशाला का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






विगत दिनों ग्राम अछोटा में गौवंश से भरी मेटाडोर पकड़ी गई जिसमें एक गौ माता की मृत्यु एवं 3 गौमाता मूर्छित व्यवस्था में पाई गई थी। क्या कारण था कि छोटी से मेटाडोर में गौ माता की स्थिति काफी दयनीय थी। आखिर आधी रात में गौमाता को चोरी छिपे भेजने का तात्पर्य समझ से परे हैं। क्या गौ माता को तस्करी के लिए ले जा रहा था। यह प्रश्न कई सवालिया निशान खड़े करता है। इसे लेकर युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय गौशाला का घेराव किया गया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कहा कि आधी रात में गौमाता को कहां लेकर जाया जा रहा था। छोटी से मेटाडोर में भारी मात्रा में गौवंश का मृत स्थिति में पाया जाना घोर निंदनीय कृत्य है। आज गौवंश से भरी मेटाडोर पकड़े जाने पर ऐसा कृत्य उजागर हुआ। इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई है। उनमें गौशाला के लोगों व जिनके पास यह गाड़ी भेजी जा रही थी। उनको इस प्रकरण में सह आरोपी बनाया जाए। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए।

जिला महासचिव गीतराम सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ गौवंश रक्षा की बात करती है लेकिन भाजपा सरकार में बीफ निर्यात और गौवंश की हत्या अधिक मात्रा में हो रही है। मौके पर नरेन्द्र सोनवानी, उदित साहू, कन्हैया सोनी, राकेश मौर्या, वातांजलि गोस्वामी, कुलेश्वर देवांगन, राजा देवांगन, प्रवीण साहू, गुड्डा दीवान, तोगु साहू, आशुतोष , सूरज पासवान, मिथिलेश साहू, योगेश्वर साहू, लोकेंद्र सिन्हा, आकाश बंजारे, अजय सिन्हा, मुकेश अग्रवाल, अविनाश मरोठे, राजा देवांगन, प्रतीक सोनी, हिमांशु नाग, लेखराम निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खम्हरिया में इमली पेड़ पर चढ़ा भालू, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा



नगरी ब्लॉक के ग्राम खम्हरिया में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक भालू घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए थे तो मल्हारी साइड से दो भालू आ रहे थे जिसमें से एक भालू मुन्ना ध्रुव घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ पर चढ़ गया और दूसरा भालू कहीं जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने भालू को देखा और इसकी सूचना सरपंच को दी। सरपंच ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू कर दिए। टीम पूरी सतर्कता के साथ रेस्क्यू अभियान में जुटी हुआ था।

# नदी में पानी थमते ही रेत का अंधाधुंध उत्खनन शुरू

- कोलियारी, अमेठी, दर्री, खरेंगा की खदान से निकाली जा रही रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नदी में पानी थमने के बाद एक बार फिर अवैध उत्खनन का दौर शुरू हो गया है। कोलियारी, अमेठी, दर्री, खरेंगा की खदान से अंधाधुंध तरीके से रेत निकालना शुरू कर दिया गया है। पानी के बहाव से इन खदानों में नई रेत आई है। प्लास्टर रेत भी नजदीकी खदान से निकालकर सप्लायर महंगे दाम में बेच रहे हैं।

एनजीटी के नियमानुसार बारिश के चार माह नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी महानदी से खुलकर रेत निकाली गई। मानसून के अंतिम चरण में जमकर बारिश हुई, जिसके चलते नदी में पानी का बहाव तेज हो गया। बांध से भी बड़ी मात्रा में पानी डिस्चार्ज किया गया, जो बुधवार तक चलता रहा। गुरुवार से महानदी में पानी का बहाव कम हुआ। पानी के बहाव से नदी में बड़ी मात्रा में रेत आई है। अब मटेरियल सप्लायरों में इस रेत को निकालने के लिए होड़ मची हुई है। कुछ तो सीधे भवन निर्माताओं को सप्लाई कर रहे हैं, जबकि कुछ इस रेत को डंप कर रहे हैं। रेत का अवैध कारोबार खुलकर शुरू होने के बाद भी खनिज विभाग की कार्रवाई शुरू नहीं हुई है, जिसका फायदा मटेरियल सप्लायर उठा रहे हैं प्लास्टर रेत की डिमांड

पहले प्लास्टर रेत शहर से दूर खदानों से आ रही थी। वहां पर निकासी शुल्क भी ज्यादा वसूला जा रहा था। डीजल खर्च भी ज्यादा आ रहा था, जिसके चलते मटेरियल सप्लायर महंगे दाम में प्लास्टर रेत बेच रहे थे। अब नदी में नई रेत के साथ प्लास्टर रेत भी आई है। इस रेत को निकालने के लिए मटेरियल सप्लायरों में होड़ मची हुई है। तेजी से निकासी के कारण इन खदानों में प्लास्टर रेत कुछ दिनों बाद खत्म हो जाएगी। प्लास्टर रेत को सप्लायर नजदीकी खदानों से निकालकर महंगे दाम में बेच रहे हैं। इससे उनकी अच्छी बचत हो रही है। कुछ सप्लायर तो प्लास्टर रेत डंप कर रहे हैं।

# सब्जियों के दाम में आई नरमी, ग्राहकों के चेहरे खिले

- इतवारी बाजार अपडेट : भटा, लौकी, कुंदरु ,कुम्हड़ा, केला, टमाटर, पत्तागोभी 20 से 30 रुपए किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मौसम में आई हल्की ठंडकता के साथ ही शहर के सब्जी बाजारों में भी राहत का मौसम लौट आया है। लगातार कई हफ्तों तक महंगी बिक रही सब्जियों के दाम में अब गिरावट दर्ज की जा रही है। ग्रामीण इलाकों से बढ़े उत्पादन और भरपूर आवक के कारण धमतरी की मंडियों में सब्जियों की बहार छा गई है। इससे ग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है और बाजारों में फिर से चहल-पहल दिखाई देने लगी है।

पिछले महीने तक जो सब्जियां 80 से 100 रुपये प्रति किलो में बिक रही थीं, वे अब आधे दाम पर उपलब्ध हैं। टमाटर, जो कुछ ही दिनों पहले रसोई के बजट को बिगाड़ रहा था, अब 25 से 30 रुपये किलो तक बिक रहा है। भिंडी, लौकी, तोरई और बैंगन जैसी सब्जियों के दाम भी 40 से 50 प्रतिशत तक नीचे आ गए हैं। करेला, जो पहले सौ रुपये किलो में बिक रहा था, अब लगभग 55 रुपये में मिल रहा है। सबसे अधिक राहत टमाटर के दाम में आई गिरावट से मिली है।

सब्जी व्यापारी देवनाथ पटेल बताते हैं कि गांवों में सब्जियों की अच्छी पैदावार हुई है। हर सुबह ट्रैक्टरों और मिनी ट्रकों में भरकर ताजी सब्जियां सीधे धमतरी की मंडियों में पहुंच रही हैं। आवक बढ़ने से भाव अपने आप कम हो गए हैं। किसान लक्ष्मण नेताम का कहना है कि बारिश खत्म होते ही खेतों में सब्जियों की फसल तेजी से बढ़ी है। इस बार मौसम अनुकूल रहने के कारण उत्पादन दोगुना हुआ है और आने वाले दिनों में स्थिति और बेहतर होगी।

इतवारी बाजार के पसरा लगाने वाले गणेश सोनकर, सुमित्रा सोनकर ने बताया कि रविवार को भटा, लौकी, कुंदरु ,कुम्हड़ा, केला, टमाटर, पत्तागोभी 20 से 30 रुपए किलो बिका। गाजर बरबट्टी, करेला, ग्वारफली ,गोभी, डोड़का, तोरई कोचई , सेमी व हरी पत्तीदार सब्जी 30से 40 रुपण किलो रहा। कटहल, हरी मिर्च 50, ग्वारफल्ली, शिमला मिर्च, परवल 60 व हरा धनिया 100 से 120 रुपए किलो बिका।

शहर की ममता तिवारी कहती हैं कि पिछले महीने टमाटर और गोभी लेना मुश्किल हो गया था, लेकिन अब दाम आधे हो जाने से रसोई का बजट संभल गया है।

सब्जी विक्रेता कुंजबिहारी का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह ठंडा और स्थिर बना रहा, तो सब्जियों के दाम और भी नीचे आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में गोभी, मटर और हरी मिर्च जैसी फसलों की नई खेप आने लगी है और अगले महीने तक बाजार में इनकी भरमार हो जाएगी।

### पर्यावरण वानिकी मद से शासन ने एक करोड़ रूपए की दी मंजूरी, टेंडर की प्रक्रिया जारी

# जिले के गंगरेल बांध का ठेमली आईलैंड होगा विकसित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बड़ी खबर है कि गंगरेल बांध को मध्य भारत का सबसे आकर्षक पर्यटन स्थल बनाया जायेगा। गंगरेल बांध में स्थित ठेमली आईलैंड को विकसित करने शासन ने 1 करोड़ रूपए की मंजूरी दे दी है। पहले चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्ता बनाया जाएगा। पॉथवे, कैफे, कॉटेज का निर्माण होगा।

प्राकृतिक सुन्दरता से सराबोर गंगरेल बांध प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा बांध है। चारों तरफ पहाड़ियों से घिरे इस बांध में 7 छोटे बड़े टापू हैं। इसमें ठेमली सबसे बड़ा टापू है। ठेमली आईलैंड लगभग 15 एकड़ में फैला हुआ है। इसके अलावा गुंडरा, ठेमसरा, नंगारा, नकटीदेव, रामटेकरी, सटियारा टापू मौजूद हैं। वन विभाग द्वारा ठेमली आईलैंड को विकसित करने के पहले चरण के प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल गई है। 1 करोड़ की राशि से आईलैंड को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जायेगा। पूरा प्रोजेक्ट करीब 6 करोड़ रूपए का है। पहले चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्ता बनाया जायेगा जिसमें मजदूरों के आने-जाने की सुविधा होगी। आईलैंड के चारों तरफ पॉथवे निर्माण, आईलैंड के चारों तरफ निहारने के लिए 25 मीटर ऊंचा वॉच टावर, खाने की सुविधा के लिए कैफे तथा ईको फ्रेंडली कॉटेज का निर्माण किया जाएगा।

डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि पर्यावरण वानिकी मद से ठेमली आईलैंड को विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में भेजे गए डीपीआर को मंजूरी मिल गई है। 1 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। टेंडर की प्रक्रिया जारी है। आईलैंड जाने के लिए दो रास्ते बनेंगे। पहले चरण में वॉच टावर, कैफे, आवागमन रास्ता सहित 5 कार्य किए जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण का काम होगा।



#### पहुंच रहे हैं अंतरराज्यीय पर्यटक

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर सुमंत सिंह ने बताया कि सर्द मौसम के साथ गंगरेल पर्यटन का सीजन शुरु हो गया है। रिसोर्ट में आंध, ओडिशा, एमपी आदि राज्य के सैलानी गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंच रहे हैं। मिनी गोवा में वाटर स्पोर्ट्स के लिए दिनभर पर्यटकों की कतार लगी रही।

#### गंगरेल बांध में शत-प्रतिशत जलभराव

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को 32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध में 32.150 टीएमसी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है। यहां पानी की आवक 500 क्यूसेक बनी है, जबकि आउट फ्लो जीरो है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### औषधीय पौधा खोज यात्रा में सर्वेक्षण पर की चर्चा

**कांकेर।** वनमण्डल कांकेर के वन परिक्षेत्र कोरर अंतर्गत शनिवार को उप परिक्षेत्र हाटकर्रा के परिसर बनोली में बीएमसी समितियों का औषधीय पौधों की खोज यात्रा कार्यक्रम रखा गया, जिसमें वन मंडलाधिकारी कांकेर रौनक गोयल, उप वनमंडलाधिकारी कोरर जसवीर सिंह मरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोरर बीएस सूर्यवंशी की उपस्थिति में वैद्यराज व अन्य प्रोफेसर के माध्यम से महत्तवपूर्ण जड़ी बूटियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जैव विविधता और उससे जुड़े ज्ञान का संरक्षण, जैविक संसाधनों का संतुलित उपयोग, संसाधनों का प्रबंधन, सर्वेक्षण और दस्तावेजीकरण से संबंधित मामलों पर विस्तार चर्चा की गई।

### शराब पीने की सुविधा देने पर दो गिरफ्तार

**कांकेर।** पखांजुर थाना पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए दो व्यक्ति को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पखांजुर निवासी सहदेव बेसरा 8 नवंबर को शराब दुकान के सामने पीव्ही 55 के पास अपने चखना दुकान में शराब पीने वालो को शराब पीने की सुविधा था। वही आरोपी पखांजुर निवासी दीपक समददार 8 नवंबर को पीव्ही 55 के पास अपने चखना दुकान में आने जाने वाले लोगो को शराब की व्यवस्था अवैध ढंग से उपलब्ध रहा था। पुलिस ने दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कथित चंगाई सभा में हुआ हंगामा, धर्मांतरण के आरोप पर मचा बवाल

धीमी रखें, लेकिन बार-बार शोर-शराबा होता रहा।

दूसरी ओर आयोजकों का कहना है कि यह केवल आध्यात्मिक सभा है, जिसमें लोग प्रार्थना और भजन करते हैं। किसी धर्मांतरण से इसका कोई संबंध नहीं है।

फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं और प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। वहीं हिंदू जागरण मंच ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसे आयोजन दोबारा किए गए तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

धमतरी में खेल का नया युग शुरू हो रहा है : पं. राजेश

# शहर में दस से अयोध्या कप बॉक्स क्रिकेट का आगाज





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर में 10 नवंबर से बाक्स क्रिकेट का ब्लास्ट होगा। अयोध्या कप बाक्स क्रिकेट टूर्नामेंट के नाम से यह आयोजन हो रहा है । यह क्रिकेट का एकदम नया स्वरूप है जो बाक्स में तो होगा लेकिन आईपीएल की तर्ज पर हो रहा है। इसके आयोजक और संरक्षक समाजसेवी और भाजपा नेता पं राजेश शर्मा हैं।

अयोध्या कप की ओपनिंग सेरेमनी 10 नवंबर की शाम 7 बजे से मैत्री विहार कालोनी के स्काई स्पोर्ट टर्फ पर होगा। मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा होंगे। विशेष अतिथि डाक्टर डॉ तरूण मिश्रा, एडिशनल एसपी मणिशंकर चंद्रा, एसडीओपी रागिनी मिश्रा, भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा और हेमलता शर्मा होंगे।

बाक्स क्रिकेट में स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा, रघुवीर बघेल, योगेश रायचुरा, कृष अग्रवाल, मौलिक हिंदूजा, देवेश अग्रवाल, परवेज अहमद, गौरव नागेश ,शुभम साहू , सुभाष यादव, रोहन शर्मा, राघव अग्रवाल दम दिखायेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि 30 अक्टूबर को खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इसमें 10 टीमों के बीच और 107 खिलाड़ी शामिल हुए। 100 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। 7 खिलाड़ी अनसोल्ड रह गए। शहर में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर यह आयोजन 10 नवंबर से 16 नवंबर तक होगा। सभी टीम में ऑक्शन के माध्यम से 10-10 खिलाड़ी लिये गए। सभी टीम को बैलेंस करने के लिए आयोजन समिति ने कैटिगरी के हिसाब से बराबर प्लेयर्स दिए।

इन 10 टीमों को 5-5 के 2 ग्रुप में बांटा गया है। इनके बीच में 4-4 लीग मैच होंगे और 2-2 टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सभी टीमों को जर्सी आयोजन समिति द्वारा दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में नेशनल लेवल के मशहूर डांसिंग अंपायर ओडिशा से आएंगे।

# पशुपतिनाथ के दर्शन बाद ही सभी तीर्थ का पुण्य प्राप्त होगा : राघव

- ग्राम खिसोरा में शिव महापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड





ग्राम खिसोरा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा के मुखारविंद से शिव महापुराण कथा 10 नवंबर तक चलेगी। कथा पंडाल में श्रद्धालुयों की भीड़ बढ़ती जा रही है। कथावाचक राघव मिश्रा ने व्यास पीठ पर बताया कि सारे तीरथ करने के पश्चात पशुपतिनाथ का दर्शन करने से पुण्य लाभ मिलता है। बिना पशुपतिनाथ के दर्शन से तीरथ अपूर्ण माना जाता है। मानव की भांति पशु पक्षी, जीव जंतु भी भगवान शिव की भक्ति करते हैं। गजराज को मगरमच्छ द्वारा पकड़ लेने पर भगवान विष्णु ने प्रकट होकर उनकी रक्षा की थी। भगवान शिव मानव के अलावा पशुओं के भी संरक्षक हैं इसलिए वे पशु पतिनाथ कहलाए। राघव मिश्रा ने आगे कहा कि शिवजी के प्रति सच्चे श्रद्धा भाव से की गई आराधना, व्रत, पूजा कभी असफल नहीं होती। एक लोटा जल सारी समस्या का हल है।

शिव महापुराण कथा का श्रवण करने जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सरपंच राखी साहू, जिला पंचायत कृषि सभापति वीणा साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांता साहू सहित ग्राम खिसोरा, नयापारा, राजिम, गरियाबंद, रायपुर, धमतरी के आसपास के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं पुलिस प्रशासन व्यवस्था में जुटा है।

### बुजुर्गों से जीवन के अनुभवों के बारे में जाना

**धमतरी।** केपीएस के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम रुद्री का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में करुणा, देखभाल और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने वहां के बुजुर्गों से बातचीत की और उनकी दैनिक दिनचर्या तथा जीवन के अनुभवों के बारे में जाना। बुजुर्गों ने अपने जीवन की कहानियों और सीख बच्चों के साथ साझा कीं, जिससे विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए।

# शिक्षक ढालूराम के निलंबन का हो रहा चौतरफा विरोध

- शिक्षक संघ, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल
- कहा: लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी पर यह सीधा हमला है

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद



ढालूराम साहू

**क्या है पूरा मामला**

दरअसल स्कूल में किताबों की कमी को उजागर करने के लिए शिक्षक ढालूराम ने व्हाट्सएप स्टेटस पर लिखा था कि एक तरफ हम राज्योत्सव मना रहे हैं और दूसरी तरफ बच्चों को किताबें नहीं मिल रही। क्या हम राज्योत्सव मनाने लायक है ? इसके साथ ही पुस्तकें नहीं मिलने पर शिक्षक से लेकर बीईओ, डीईओ, कलेक्टर और शिक्षा मंत्री का वेतन नहीं रोकने की बात भी लिखी थी। इसे शिक्षकीय गरिमा के विपरीत मान शिक्षक को निलंबित कर दिया गया।

धमतरी जिले के कुरुद विकासखंड की नवीन प्राथमिक शाला नारी में पदस्थ एक शिक्षक को सोशल मीडिया पर बच्चों को किताबें न मिलने और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले पोस्ट के कारण निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद शिक्षक संघ के अलावा विभिन्न राजनीतिक संघ, संगठन ने चौतरफा विरोध करना शुरू कर दिया है।

विरोध करने वालों का कहना है कि यह कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है और सरकार अपनी कमियों को उजागर करने वालों की आवाज़ दबा रही है। इस कार्रवाई का छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने इसे लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठाना किसी भी शिक्षक का नैतिक दायित्व है। यदि एक शिक्षक शिक्षा विभाग की नीतियों या कार्यशैली में कमी देखता है और उसे व्यक्त करता है, तो उसे गुनाह मानकर निलंबित कर देना, यह दर्शाता है कि शिक्षा विभाग आलोचना से डर रहा है।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना बेमानी है : तारिणी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव तारिणी चंद्राकर ने इस निलम्बन के खिलाफ बयान जारी कर कहा है कि सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए शिक्षक को निलंबित किया है। यह समस्या केवल धमतरी जिले की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की है, जहां पुस्तकें न होने से शिक्षकों को शिक्षण कार्य में कठिनाइयां आ रही हैं और शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक ढालूराम साहू की तत्काल बहाली और सभी बच्चों को शीघ्र पुस्तकें उपलब्ध कराई जाये। जब सरकार ही पुस्तकों की आपूर्ति नहीं करा पा रही है, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना बेमानी है।

**निलम्बन समाप्त कर शिक्षक का करें सम्मान : आप**

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेवा व तेजेन्द्र तोड़ेकर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक का निलम्बन तत्काल समाप्त करने एवं शिक्षक का सम्मान करने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। इसी कारण पालक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला करवाने विवश होते हैं। सरकार द्वारा अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए एक शिक्षक को निलंबित करना न्यायोचित नहीं है। अगर निलम्बन जल्द से जल्द समाप्त नहीं किया जाता तो आगामी दिनों में वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे।

# सरदार पटेल का स्वतंत्र भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. वेरुलकर

- शासकीय महाविद्यालय में लौहपुरूष की जयंती पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बौद्धिक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति तथा लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा जागृत करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता से हुई। निबंध प्रतियोगिता का विषय लौह सा संकल्प, लौह सा राष्ट्र रखा गया, जिसमें छात्रों ने सहभागिता करते हुए सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इसमें कुमकुम प्रथम एवं रुचि पटेल द्वितीय स्थान पर रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय स्वदेशी केवल एक नीति नहीं, बल्कि एक सोच रहा। इसमें कैलाश साहू प्रथम एवं ममता साहू द्वितीय स्थान पर रहीं।

आयोजित व्याख्यान सत्र में प्राचार्य डॉ.प्रभा वेरुलकर ने सरदार पटेल के जीवन, राष्ट्रीय एकीकरण, स्वतंत्र भारत के निर्माण एवं लोकतंत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चन्द्राकर ने युवाओं से राष्ट्रीय एकता, सेवा भावना एवं देशहित में योगदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशीला साहू सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती अनीता साहू अतिथि व्याख्याता हिन्दी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौसलेश कुमार ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, विनोद कुमार, नीरज साहू, सुश्री सुषमा टंडन, डॉ. टामनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विद्याभूषण के मनोरंजन गणित का मॉडल जशपुर के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड के कक्षा ग्यारहवीं का छात्र विद्याभूषण साहू के मनोरंजन गणित का मॉडल पश्चिम भारत विज्ञान मेला राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार 2025 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जशपुर के लिए हुआ है। प्राचार्य पनेश कुमार सेन ने छात्र को कठिन परिश्रम करने और अनुशासित रहने की सलाह दी। मार्गदर्शक व्याख्याता जियाउद्दीन मुगल ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

जनजाति मोर्चा 15 को मनायेगा बिरसा मुंडा जयंती

# गौरव दिवस पर घर-घर जलेंगे दीप

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



जनजाति गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में दुगली में आयोजित कार्यशाला में जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेन्द्र नेताम एवं महामंत्री रामखिलावन कंवर ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस इस वर्ष विशेष रूप से प्रत्येक जनजातीय छात्रावास, हायर सेकेंडरी स्कूल, महाविद्यालय और जनजाति छात्रावासों में मनाया जाएगा।

इस दौरान चौक-चौराहों एवं महापुरुषों की मूर्तियों की स्वच्छता और रंग-रोगन के साथ जनजातीय महापुरुषों के जीवन वृतांत पर व्याख्यान कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में संगठन की राजनीतिक भूमिका, जनजाति समाज की समस्याएं एवं उनके निराकरण के उपायों पर भी चर्चा की गई। मोर्चा के पदाधिकारी सोमवार को धमतरी से मुलाकात कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजाति गौरव दिवस आयोजन के संबंध में चर्चा करेंगे और जनजातीय क्षेत्रों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपेंगे।

कार्यशाला में भाजपा जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल नेताम, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी ईश्वरी नेताम एवं सुरेंद्र ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मांडवी, नगरी जनपद सभापति प्रेम सिंह सलाम, सरपंच रामकुमार सामरथ, शिव नेताम, नारायण सिंह ध्रुव, देवेंद्र मंडावी, रानी गौतम, भूमिका कोराम सहित जनजाति समाज के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने समाजजनों से अपील की है कि 13, 14 एवं 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

### राज्योत्सव में छाती के कलाकारों ने मचाया धमाल



**पुरी।** 4 नवंबर को रायपुर में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक लोककला मंच तिहार छाती के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी।

# 395 पशुओं का टीकाकरण, 75 गौ पालकों को निःशुल्क दवा दी गई

- सिलघट में एनएसएस के सहयोग से पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩कोर्रा(भखारा)




राष्ट्रीय सेवा योजना पचपेड़ी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्राम सिलघट में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिलघट के गौसेवक एवं कृषकों को पशुधन उपचार एवं निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। ग्राम के पशुधन का टीकाकरण किया गया एवं पशुधन विकास पर जानकारी प्रदान की गई। शिविर के माध्यम 395 पशुओं का टीकाकरण किया गया । 38 पशुओं का उपचार, 75 गौपालकों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। दो पशुधन का गर्भ परीक्षण एवं एक पशुधन का बांझपन उपचार किया गया।

पशु चिकित्सा शिविर में डॉ पीयूष दुबे सर्जन , डॉ. एसआर साहू, डॉ.जितेंद्र साहू, डॉ. सतीश यादव, डॉ. चंद्रशेखर निर्मलकर, डॉ.जगन्नाथ यादव, डॉ. अंजना साहू, कुंती कश्यप, डिकेश्वरी ध्रुव, शिवकुमार यादव, हीरासिंह ध्रुव, प्रीति ध्रुव ने सेवाएं दी। इस आयोजन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल का गांव के कृषकों एवं गौपालकों ने आभार माना।

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरे व्यवहारी ने परमेश्वर बंजारे पिता स्व. श्री गणपत राम बंजारे, निवासी रामसागर पारा, धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) से उसके द्वारा साक्षी दादलानी पति श्री रूपेश दादलानी निवासी रिसाईपारा धमतरी से उसके स्वामित्व की इकरारित खुली भूमि स्थित गोकुलपुर, प.ह.नं.35, रा.नि.म. धमतरी, तहसील धमतरी जिला धमतरी जिसका खसरा नम्बर 131/150, रकबा 2240 वर्गफुट (35X64), जिसके उत्तर दिशा में रामशरण गजेन्द्र की भूमि, दक्षिण दिशा में आरोही बिल्डर्स की भूमि, पूर्व में 40 फुट का पहुंच मार्ग जो कि रविराम पिता भादूराम साहू के नाम पर होकर राजस्व अभिलेख में उसका खसरा नंबर 131/53, 131/54 के रूप में दर्ज है तथा पश्चिम दिशा में 35 फुट रविन्द्र सिंह की भूमि स्थित है को क्रय करने की बातचीत कर बतौर बयाना/अग्रिम राशि प्रदान कर दी है तथा उसके द्वारा मात्र प्रतिफल की शेष रकम अदा कर कय सम्पति का पंजीयन करवाया जाना मात्र शेष है।

अतः सर्व-साधारण में किसी भी व्यक्ति विशेष, फर्म, कम्पनी, निकाय, संस्था, राष्ट्रीयकृत बैंक प्रायवेट बैंक, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक अथवा मूल स्वामी के किसी अन्य पारिवारिक सदस्य अथवा रविराम पिता भादूराम साहू को उपरोक्त विक्रय संव्यवहार पर कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय आपत्ति के आधारो सहित मेरे कार्यालय में दर्ज करवा देवे अन्यथा मेरे व्यवहारी द्वारा क्रय हेतु प्रस्तावित सम्पति को विवाद से परे एवं पाक साफ माना जाकर सम्पति का पंजीयन विक्रेता को शेष रकम की अदायगी कर करवा लिया जावेगा, पश्चातवर्ती आपत्ति अमान्य होकर शुन्यवत होगी ।

सो सर्व-साधारण सूचना जाने ।

दिनांक : 10.11.2023
स्थान : धमतरी (छ.ग.)

भवदीय,
(कीर्ति शाह)
एडवोकेट/नोटरी
श्री जगदीश मंदिर स्ट्रीट, धमतरी (छ.ग.)

**हलफनामा/स्वघोषणा**

**सेवा में सैनिक की माता के नाम परिवर्तन हेतु**

मैं, फुलेशर (FULESHAR), माता, क्र. सं. 14874249Y Rank-Sep/Mt. नाम- लिकेश्वर सिंह (Likehswar Singh), 3 RR BN C/O 56 APO, वर्तमान में ग्राम दानीटोला वार्ड, पोस्ट- धमतरी, तहसील- धमतरी, जिला- धमतरी, राज्य- छत्तीसगढ़, पिन- 493773 में निवासरत हूं, शपथपूर्वक यह घोषणा करती हूं कि

(a) मैंने अपने नाम को फुलेशर (FULESHAR) से फुलेश्वरी ध्रुव (FULESHWARI DHRUW) में परिवर्तित किया है क्योंकि मेरे पुत्र के सेवा अभिलेखों में नाम की त्रुटि पाई गई थी।
(b) यह हलफनामा केवल मेरे नाम के प्रमाण हेतु तैयार किया गया है।
(c) यह प्रमाणित किया जाता है कि फुलेशर और फुलेश्वरी ध्रुव एक ही व्यक्ति हैं।
(d) मैं यह प्रतिज्ञा करती हूं कि भविष्य में सभी अभिलेखों, कागजातों तथा अन्य सभी लेनदेन में मेरा नाम फुलेश्वरी ध्रुव (FULESHWARI DHRUW) के रूप में ही लिखा जाएगा।
(e) यह घोषित करती हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है, तथा इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

स्थानः धमतरी (DHAMTARI)
दिनांकः 06-11-2025

फुलेश्वरी ध्रुव
AFFIDAVIT No. 10AA 699669

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

चन्द्रशेखर मंडावी उम्र 34 वर्ष पिता श्री राधेश्याम मंडावी जाति-गोंड़ निवासी ग्राम कुकरेल (बांसपारा) तहसील कुकरेल जिला-धमतरी (छ.ग.) --- शपथकर्ता

// शपथ - पत्र //

मैं शपथकर्ता चन्द्र शेखर मंडावी सत्यनिष्ठा पूर्वक निम्नलिखित शपथ पर कथन करता हूँ कि :-

(1.) यह कि, मैं उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करता हूँ।
(2) यह कि, मेरे पुत्र का वास्तविक नाम चित्रांश मंडावी पिता चन्द्र शेखर मंडावी है जो कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है परन्तु आधार कार्ड में मेरा पुत्र का नाम त्रुटिवश चक्रम पिता चन्द्रशेखर गोंड़ अंकित कर दिया गया है जिसके कारण अन्य शासकीय कार्यों में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।
(3) यह कि चित्रांश मंडावी एवं चक्रम दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा पुत्र का ही नाम है।
(4) यह कि आधार कार्ड में त्रुटिवश दर्ज चक्रम पिता चन्द्र शेखर गोंड़ को विलोपित कर वर्तमान के समस्त दस्तावेज़ों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम चित्रांश मंडावी पिता चन्द्र शेखर मंडावी को दर्ज करवाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पत्र में प्रकाशन करवाना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
चन्द्रशेखर

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

रूखम लाल मंडावी पिता राधेश्याम मंडावी जाति-गोंड उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम कुकरेल (बांसपारा) तहसील कुकरेल जिला-धमतरी (छ.ग.) --- शपथकर्ता

// शपथ - पत्र //

मैं शपथकर्ता निम्न कथन शपथ पर करता हूं :-

01. यह कि मेरा नाम, पता व अन्य विवरण उपरोक्तानुसार है ।
02. यह कि मेरी पुत्री प्रीति मंडावी के जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र 5वीं, 8वीं में मेरी पुत्री का नाम वास्तविक नाम प्रीति मंडावी पिता रूखम लाल मंडावी अंकित है, परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटि वश मेरी पुत्री का नाम कू. प्रिती पिता रूखम लाल मंडावी अंकित कर दिया गया है जिसे सुधार कर मेरी पुत्री का वास्तविक नाम प्रीति मंडावी पिता रूखमलाल मंडावी अंकित कराना चाहता हूं ।
03. यह कि केवल कू. प्रिती एवं प्रीति मंडावी दोनों नाम एक व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है।
04. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में व अन्य शासकीय दस्तावेजों में त्रुटि वश दर्ज मेरे पुत्री का नाम कू. प्रिती को विलोपित कर उनके जन्म प्रमाण पत्र एवं 5वीं, 8वीं अंकसूची के अनुसार वास्तविक नाम प्रीति मंडावी पिता रूखमलाल मंडावी दर्ज करवाने छ.ग. राज्य प्रत्र में प्रकाशन करवाना चाहता हूँ जिसके समर्थन यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की पुष्टि में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रूखम

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

रूखम लाल मंडावी पिता राधेश्याम मंडावी जाति गोंड उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम कुकरेल (बांसपारा) तहसील कुकरेल जिला-धमतरी (छ.ग.) --- शपथकर्ता

// शपथ - पत्र //

मैं शपथकर्ता निम्न कथन शपथ पर करता हूं :-

01. यह कि मेरा नाम पता व अन्य विवरण उपरोक्तानुसार है ।
02. यह कि मेरे पुत्र केवल मंडावी के जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र 5वीं, 8वीं में मेरे पुत्र का नाम केवल मंडावी पिता रूखम लाल मंडावी दर्ज है, परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटि वश मेरे पुत्र का नाम केवल कुमार मंडावी पिता रूखम लाल मंडावी अंकित कर दिया गया है जिसे सुधार कर मेरे पुत्र का वास्तविक नाम केवल मंडावी पिता रूखमलाल मंडावी अंकित कराना चाहता हूं।
03. यह कि केवल कुमार मंडावी एवं केवल मंडावी दोनों नाम एक व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है।
04. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में व अन्य शासकीय दस्तावेजों में त्रुटि वश दर्ज मेरे पुत्र का नाम केवल कुमार मंडावी को विलोपित कर उनके जन्म प्रमाण पत्र एवं 5वीं, 8वीं अंकसूची के अनुसार वास्तविक नाम केवल मंडावी पिता रूखमलाल मंडावी दर्ज करवाने छ.ग. राज्य प्रत्र में प्रकाशन करवाना चाहता हूं जिसके समर्थन यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की पुष्टि में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रूखम

## खबर संक्षेप

### महिलाओं की अनूठी पहल से नशामुक्त हुआ बेलगाल

**पखांजुर।** जहां पूरे देश में युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है, वहीं बांदे तहसील के ग्राम बेलगाल की महिलाओं ने एक ऐतिहासिक संकल्प लिया है। गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर गांव को पूरी तरह से शराब-मुक्त बनाने का अभियान छेड़ दिया है। बेलगाल गांव में अब शराब का सेवन करना या बनाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। महिलाएं सुबह-शाम डोर-टू-डोर जाकर मॉनिटरिंग कर रही हैं और बाहर से शराब पीकर आने वालों को भी दंडित किया जा रहा है। इस साहसी पहल के चलते, गांव पिछले 5 दिनों से पूरी तरह नशामुक्त है। महिलाओं की इस दृढ़ता ने न केवल बेलगाल में शांति और समृद्धि का वातावरण बनाया है, बल्कि यह आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गया है। पूरा गांव अब एकजुट होकर इस अभियान का समर्थन कर रहा है, जो यह दर्शाता है कि सामुदायिक शक्ति से बड़े से बड़ा सामाजिक संकट भी दूर किया जा सकता है।

### पर्यटन स्थल विकसित करने की मांग की

**अंतागढ़।** तहसील अंतागढ़ के मासबरस के युवक त्रिवेंद्र बघेल ने अंतागढ़ क्षेत्र में पर्यटन स्थलों के विकास की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ उन्होंने संभावित पर्यटन स्थलों के फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि कई ऐसे प्राकृतिक और ऐतिहासिक स्थलों की पहचान की है जो अब तक पर्यटन सूची में शामिल नहीं हैं। उन्होंने बताया कि यदि इन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र की पहचान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी।

### मुड़पार दखनी में 24 से मड़ई मेला महोत्सव

**सरोना।** पारंपरिक संस्कृति और ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुड़पार दखनी में मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन 24 से 26 नवंबर तक पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें बस्तर संभागीय भर की टीमें भाग लेंगी। खेल मुकाबलों के समापन के बाद 27 नवंबर, गुरुवार की रात्रि को देश की प्रसिद्ध लोकगायिका पूनम तिवारी अपने शानदार गीतों और प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगी। आयोजन समिति ग्राम मुड़पार की ओर से उपसरपंच राजकुमार कश्यप ने बताया कि इस आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और दर्शक जुटेंगे।

### बाजार में सब्जियों की आवक बढ़ने से गिरे दाम

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों सस्ती हुई। रविवार को बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो बिक रहा। लालभाजी 20 रूपए में 10, पालकभाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिक रहा है।

---

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमलों की बैठक में दिए निर्देश

# हर ब्लॉक के कम से कम 10 गांवों में शत प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में भूमि एवं जल संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से फसल चक्र परिवर्तन अभियान को गति दी जा रही है। जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के समन्वय से किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहनी, तिलहनी, लघु धान्य एवं मक्का जैसी कम जल मांग वाली फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। धमतरी जिले में कुल 1,58,180 कृषक हैं, जो कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं। जिले में मुख्य सिंचाई साधन नहर है, किन्तु लगभग 30,000 नलकूपों से भूमिगत जल का उपयोग भी किया जाता है। इससे जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा किसानों के बीच जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमलों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक विकासखंड के कम से कम 10 गांवों में शत-प्रतिशत फसल चक्र परिवर्तन किया जाए। उन्होंने कहा कि धान के स्थान पर दलहनी, तिलहनी व मक्का फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव पारित कर फसल चक्र परिवर्तन को संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कृषि विभाग को गांव-गांव में जागरूकता शिविर, ऋण एवं बीज वितरण शिविर आयोजित करने कहा गया है, ताकि किसान विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठा सकें। फसल चक्र परिवर्तन को प्रोत्साहन देने जिले की 39 प्राथमिक साख सहकारी समितियों में बीजों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिनमें अब तक 32.10 क्विंटल गेहूं, 296.70 क्विंटल चना, 22.10 क्विंटल तिवड़ा तथा 52 क्विंटल सरसों के बीज उपलब्ध हैं।

## गीता जयंती महोत्सव एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन 7 दिसंबर को



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी के अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने बठेना वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, बांसपारा वार्ड, जालमपुर वार्ड के सदस्यों की बैठक ली। श्री यादव ने 7 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव, युवक- युवती परिचय सम्मेलन के सम्बन्ध में बताया।

सामाजिक जनगणना कर नगर इकाई धमतरी द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। रामेश्वर यादव, जितेन्द्र यादव, नरेंद्र यादव, चुनेश्वर यादव, लल्लू यादव द्वारा लगातार वार्ड संपर्क कर गीता जयंती महोत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। तैयारी को लेकर 16 नवम्बर को सर्व यादव समाज भवन आमातालाब धमतरी में दोपहर 1 बजे बैठक रखी गई है।

## फिट फ्यूजन में जुंबा डांस कर सेहतमंद रहने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद पाठक के निर्देशन तथा आक्यूएसी के मार्गदर्शन में रसायनशास्त्र विभाग, गणित एवं आईटी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फिट फ्यूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि जुम्बा डांस वर्कआउट से कई फायदे होते हैं, जिनमें वजन कम करना, हृदय स्वास्थ्य में सुधार, मांसपेशियों को टोन करना, तनाव कम करना और मूड बेहतर बनाना शामिल है। यह एक मजेदार और ऊर्जावान कार्डियो वर्कआउट है जो लचीलापन, संतुलन और समन्वय को भी बेहतर बनाता है। रसायनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अपर्णा शर्मा एवं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा भावना साहू तथा लक्की बघेल के दिशानिर्देश में जुम्बा डांस वर्क आउट का प्रस्तुतिकरण किया गया। महाविद्यालय के शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ एवं एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रास के साथ महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों सहित कुल 230 प्रतिभागियों ने वर्कआउट में भाग लिया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण डॉ सरला द्विवेदी( आक्यूएसी प्रभारी), डॉ. सीमा साहू, राजेश चौरसिया, देवाशीष हाजरा, रश्मि कुजूर, नरोत्तम साहू, किशोर चेलक, अंकिता प्रसाद, आकांक्षा कश्यप, सागर, टीनम, भारती, अनुष्का, कांति, अभिषेक, जाह्नवी, समेत अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ग्राम संबलपुर स्कूल में मनाई गई वंदेमातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ

- आजादी की लड़ाई में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अहम योगदान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर 7 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शाउमावि संबलपुर में किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने वंदेमातरम गीत के बारे में बताया कि यह न केवल एक गीत है बल्कि आजादी के दिनों में स्वतंत्रता सेनानियों के लिए ऊर्जा प्रदान करने वाला प्रेरणादाई गीत था। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि पवार ने वंदे मातरम का अर्थ बताया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस अवसर पर आयोजित रंगोली, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की पेंटिंग की सराहना की। कलेक्टर ने जिले की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी कंडेल आए थे। आजादी की लड़ाई में जिले के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, नत्थूजी जगताप, नारायणराव मेघावाले का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर ने जिम/स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी अवलोकन किया। अभ्यासरत मार्शल आर्ट ताइक्वांडो के खिलाड़ियों और कोच से मुलाकात की। कार्यक्रम का संचालन जनपद सीईओ वर्षा मैडम एवं प्राचार्या एचके खालसा व आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने किया। मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद शार्दुल एवं आरएस साहू ने किया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर पंचायत नकुल वर्मा, सरपंच श्रीमती मंजु चंद्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री चौधरी, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, बीआरसीसी ललित सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बालकुमार क्षत्रिय, तारेंद्र चंद्राकर, सचिव चुन्नू लाल ध्रुव समेत स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विज्ञान मेला में नागेश्वर व मनीष अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में किया गया जिसमें कांकेर जोन अंतर्गत धमतरी, कांकेर, कोंडागांव जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

धमतरी जिले की ओर से डॉ शोभाराम देवांगन शाससकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी से चार छात्रों नागेश्वर, टिकेश, तितिक्षा और मनीष का चयन जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

नागेश्वर व मनीष ने अपनी केटेगरी में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये छात्र 12 नवंबर को जशपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जोन व जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इन छात्रों ने व्याख्याता हितांजलि साहू के मार्गदर्शन में मॉडल का निर्माण किया था। छात्रों के चयन पर प्राचार्य पूनम पांडेय, शाला विकास समिति अध्यक्ष राजू सोनकर, शिक्षक मनोज साहू, परमानंद साहू, आलोक मत्स्यपाल, भारती ठाकुर, ज्योति सोनकर ने हर्ष जताया है।

## भगवान युग-युगांतर से भक्तों के स्नेह में बंधे हैं : पं. रामप्रताप



- बांसपारा में श्रीमद् भागवत कथा : चौथे दिन मनाया गया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बांसपारा में पदमवार परिवार द्वारा आयोजित पावन श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। कथाव्यास आचार्य पं. रामप्रताप शास्त्री जी महाराज (कोविद) ने नंद बाबा के घर हुए जन्मोत्सव का इतना सुंदर वर्णन किया कि पूरा आयोजन स्थल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के उद्घोष से गूंज उठा। भक्तजन भजनों की मधुर धुन पर झूमते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद उठाते रहे।



महाराज श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान युग-युगांतर से भक्तों के स्नेह और प्रेम के बंधन में बंधे हैं। वे सदैव भक्तों की कामनाओं की पूर्ति करने इस धरा पर अवतरित होते हैं। श्री शास्त्री जी ने वामन अवतार, समुद्र मंथन, श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति मार्ग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान को पाना है तो मन में यह भाव रखना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी का है।

गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि जो इसका पाठ करता है, उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है और जीवन के संकट दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का नाश करता है, अतः विनम्रता ही भक्ति का मूल है। कथा श्रवण करने महेश शास्त्री, नरेश दीवान, रवि साहू, विनय पदमवार, वीणा पदमवार शिक्षक भीखम साहू, कृष्णा साहू, शिव कुमार, लड्डू महाराज, लक्ष्मी, सुलोचना गुरुपंचायन, शंकुतला, सावित्री, चेतन सिन्हा, नागेन्द्र साहू सहित अनेक भक्तगण शामिल हुए।

## वैज्ञानिक खोज हमेशा निर्माणकारी हो न कि विध्वंसकारी : खालसा

- सुखराम नागे महाविद्यालय में विश्व विज्ञान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



विश्व विज्ञान दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है जिसका उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को उजागर करना तथा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग शांति तथा विकास को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन, विभागाध्यक्ष कौशल नायक के संयोजन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यक्रम आयोजित की गई। प्राचार्य डा. खालसा ने छात्रों को बताया कि इस दिवस की स्थापना यूनेस्को द्वारा 2001 में की गई थी। हम सबका यह दायित्व बनता है कि विज्ञान का उपयोग मानवता की भलाई के लिए किया जाए। विकास वैज्ञानिक खोज हमेशा निर्माणकारी हो न कि विध्वंसकारी। मुख्य वक्ता प्रो. लालमन बेरवंश सहायक प्राध्यापक भौतिकी ने छात्रों को सर अल्फ्रेड नोबेल की जीवनी तथा खोजों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डाइनामाइट के विनाशकारी प्रभाव से व्यथित होकर अल्फ्रेड नोबेल ने विश्व में शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए नोबेल पुरस्कार प्रारंभ किया। उन्होंने ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत जैसे सोलर पैनल के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में नेहा राजन, सीता नेताम, सुश्री प्रियंका एवं ललिता कोकिला का सहयोग रहा।

## अमरूद में लेयरिंग करने के तरीके सीखे



- कृषि संकाय के छात्रों ने किया उद्यानिकी नर्सरी का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 11 वीं एवं 12 वीं के कृषि संकाय के छात्रों ने उद्यान शास्त्र पाठ्यक्रम अंतर्गत उद्यानिकी प्रशिक्षण केंद्र उद्यानिकी नर्सरी रांकाडीह का शैक्षणिक भ्रमण किया। उद्यानिकी नर्सरी प्रबंधक कौशल प्रधान द्वारा बच्चों को उद्यानिकी विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने पौधों में प्रवर्धन के विभिन्न विधियों के बारे में प्रेक्टिकल करके बताया। आम के पौधों में साइड ग्राफ्टिंग तथा वी ग्राफ्टिंग करने के तरीके बताए। अमरूद में लेयरिंग करने के तरीकों को समझाया तथा पौधों के संरक्षण के लिए उपयोग में आने वाले पॉली हाऊस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उद्यानिकी में प्रयोग होने वाले आधुनिक सिंचाई प्रणाली ड्रिप सिंचाई विधि के बारे भी छात्रों को बताया। शैक्षणिक भ्रमण में विषय शिक्षक बृजेश मेहरा, संस्थान अध्यक्ष मैनसिंग हिरवानी, व्यवस्थापक कमलेश साहू, स्कूल प्राचार्य अशवंत ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

## मेघा में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत मेघा में विकास के नए अध्याय की शुरुआत हुई। मण्डी बोर्ड के माध्यम से टिन शेड निर्माण कार्य एवं जनपद पंचायत विकास निधि से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड ने किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जनसुविधा से जुड़े ऐसे निर्माण कार्य ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और प्रयास से यह विकास कार्य स्वीकृत हुआ है। कार्यक्रम में जिपं सभापति प्रतिनिधि डेमूराम साहू, जनपद सदस्य यमुना साहू, सरपंच श्रीमती मनीषा ध्रुव, उपसरपंच छत्रपाल साहू, संतोष सोनी, वेदराम साहू, मनीराम पटेल समेत पंचायत पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## वर्तमान युवा पीढ़ी देश के विकास की असली नींव : अंगिरा

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाजसेवा, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का मजबूत माध्यम है। युवा पीढ़ी देश के विकास की असली नींव है। कार्यक्रम में दिनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू, सरपंच अनीता साहू, देवेंद्र साहू, राहुल नेताम प्राचार्य कंडेल समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया।






आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग मनोज को दी लोन लेने की जानकारी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम छग शासन समाज कल्याण विभाग रायपुर अंतर्गत 40 प्रतिशत से ऊपर दिव्यांगजनों को रोजगार एवं जीविकोपार्जन हेतु ऋण देने का प्रावधान है परंतु गांरटर के रुप में शासकीय कर्मचारी या अधिकारी को मान्यता दिया गया है जो दिव्यांगजनों के लिए टेढ़ी खीर के समान है। वनांचल क्षेत्र नगरी के खुदुरपानी निवासी दिव्यांग मनोज ध्रुव नौकरी की आशा छोड़कर व्यवसाय करने के लिए घनश्याम सिंह साहू से मिला तो उन्होंने ऋण प्रपत्र देकर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई ताकि वह स्वरोजगार स्थापित कर जीविकोपार्जन कर सके।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**मगरलोड।** नयापारा से मगरलोड जाने वाले सड़क मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक चालक मगरलोड निवासी गीतराम साहू की ट्रेक्टर के पहिये में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि करीब 7 बजे नयापारा की ओर से रेत से भरे ट्रेक्टर ग्राम भेंडरी की ओर जा रहे थे। उधर से बाइक चालक गीतराम मगरलोड की ओर आ रहे थे। ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक का सिर ट्रेक्टर के पहिये में आ गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी नयापारा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। करेली बड़ी पुलिस ने बताया कि नयापारा पुलिस इस मामले पर कार्रवाई कर रही है। विदित हो कि इस सड़क मार्ग में लगातार सड़क दुर्घटना से मौतें हो रही हैं।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य की दी जानकारी

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक रविवार को बिरगुड़ी रेस्ट हाउस में हुई, जिसमें मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में कार्यशाला प्रभारी पिंकी शिवराज ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची को अद्यतन करने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बूथ संगठन ही पार्टी की रीढ़ है और इसके सशक्तिकरण से ही आगामी चुनावों में सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, महामंत्री मोनू साहू, दीपक साहू, कोषाध्यक्ष उमेश साहू, विनय देवांगन, अक्तू ध्रुव, बीरेंद्र मिश्रा, संतोष पांडे, केशर यादव, नारद नेताम, सोहन साहू, जयचंद मस्ताना, राजेश, टेकराम पटेल, गौचंद मरकाम सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी मतदाता पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया।

एक हफ्ते में सुधरेंगे आमदी से मथुराडीह तक के रास्ते

# धमतरी में सड़कों की मरम्मत को मिली रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बरसों से गड्ढों में तब्दील सड़कों पर अब राहत के पहिए घूमने लगे हैं। शासन के निर्देश पर नगर पंचायत आमदी से धमतरी और सिहावा चौक से मथुराडीह चौक तक लगभग 21 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत का कार्य रविवार से शुरू हो गया। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी ने दोनों मार्गों को एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने का लक्ष्य तय किया है। लंबे समय से जर्जर सड़कों से जूझ रहे नागरिकों और दुकानदारों को अब राहत मिलेगी।

आमदी से धमतरी तक 12 किमी और सिहावा चौक से मथुराडीह चौक तक 9 किमी की दूरी में जगह-जगह बने गड्ढों से आवागमन मुश्किल हो गया था। बारिश के चलते महीनों तक कार्य शुरू नहीं हो पाया था, जबकि शासन ने पहले ही मरम्मत की स्वीकृति दे दी थी। अब बारिश थमने के बाद रविवार को पीडब्ल्यूडी की टीम ने गड्ढों में डामरीकरण और पेच रिपेरिंग का काम महापौर रामू रोहरा की मौजूदगी में शुरू किया। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता संतोष नेताम, एसडीओ एमडी पैकरा, उपयंत्री एच. बघेल समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सड़क सुधार की शुरुआत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने से की गई। काम शुरू करने से पहले आमदी-धमतरी, सिहावा-कोलियारी मार्ग पर सफेद चूना लगाकर मार्किंग की गई, ताकि मरम्मत के दौरान यातायात और निर्माण कार्य में कोई दिक्कत न हो। विभाग ने यातायात पुलिस को पहले ही सूचित कर दिया था। यातायात प्रभारी केएल साहू ने मौके पर पहुंचकर मार्ग व्यवस्था को नियंत्रित किया और वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखा।

दोनों मार्गों के लिए पीडब्ल्यूडी ने अलग-अलग अनुबंध किए हैं। कुल 47 लाख रुपए की लागत से इन सड़कों की रिपेरिंग की जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और तय अवधि में काम पूरा कर लिया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के ग्रामीण अंचल की सड़कों का सुधार कार्य भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। धमतरी अंचल के सोरम-भटगांव, गुजरा-दर्री, बागतराई, कोलियारी-करेठा, गंगरेल-रुद्री, अर्जुनी-भानपुरी और बेन्द्रानवांगांव मार्गों के लिए 97 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है, जिन्हें 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि लोगों की परेशानियों को देखते हुए हमने निर्देश दिए थे कि शहर और आसपास की जर्जर सड़कों को तीन दिनों के भीतर सुधार कार्य शुरू कराएं। विभाग ने तत्परता दिखाते हुए दूसरे ही दिन कार्य प्रारंभ कर दिया। मरम्मत पूरी होने पर लोगों को धूल और गड्ढों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार की प्राथमिकता सड़कों को बेहतर बनाना है, जिससे विकास कार्यों को नई दिशा मिल रही है।

श्री रोहरा ने बताया कि नगर निगम ने शहर के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत 45 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है, जिसमें सड़कों, भवनों, कॉम्प्लेक्स, सोरिद में मंच, हटकेशर में मंडपम और एक आधुनिक स्विमिंग पुल के निर्माण का प्रस्ताव शामिल है।

कार्यपालन अभियंता संतोष नेताम ने बताया कि जिले में कुल 400 किलोमीटर सड़कों के सुधार कार्य के लिए 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। दस निविदाएं जारी की जा चुकी हैं और प्राथमिकता के आधार पर नगरी क्षेत्र की सबसे ज्यादा खराब सड़कों पर काम शुरू किया जाएगा।

## 65 करोड़ की लागत से कुरूद क्षेत्र में सड़कों का हो रहा सुदृढ़ीकरण कार्य

■ आवागमन होगा और सुगम, व्यापार व राजस्व में वृद्धि की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विकासखंड कुरूद अंतर्गत कुरमातराई, भेण्ड्रा, कोर्रा, जुगदेही, सिलौटी एवं सेमरा मार्ग (मुख्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य को लेकर निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है। छग शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा इस 22 किमी लंबे मार्ग के लिए राशि 6512.84 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति 31 दिसंबर 2024 को प्रदान की गई थी।

उक्त कार्य का कार्यादेश मई 2025 को संबंधित फ़र्म को जारी किया गया है। कार्य की निर्धारित अवधि 18 माह रखी गई है। परियोजना अंतर्गत 67 नग पुल-पुलिया का निर्माण, नाली निर्माण तथा सम्पूर्ण मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा । निर्माण संस्था द्वारा कार्य का प्रारंभ कर दिया गया है। अब तक 2118 मीटर नाली एवं 12 नग पुल-पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि इंबेकमेंट कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मापदण्डों के पालन हेतु विभागीय अधिकारी एवं उप अभियंता लगातार सामग्री की जांच एवं परीक्षण कर रहे हैं। इस मार्ग से बड़े पैमाने पर रेत परिवहन किया जाता है, जिससे शासन को राजस्व प्राप्ति में भी वृद्धि होगी। मार्ग के पूर्ण होने से दुर्ग एवं धमतरी जिले के बीच आवागमन सुगम होगा तथा ग्राम कुरमातराई, भेण्ड्रा, कोर्रा, जुगदेही, सिलौटी और सेमरा सहित आसपास के ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों में नई गति मिलेगी। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा भी कार्य का नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के निर्देश जारी किए गए हैं।

जल्द ही प्रतिनिधिमंडल जीएसटी आयुक्त एवं मंत्री ओपी चौधरी से भेंट करेगा

# जीएसटी अधिकारियों की चेकिंग कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





हाल ही में जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमों की आड़ में की जा रही चेकिंग कार्रवाई से पूरे व्यापारिक समुदाय में आक्रोश है। कई मामलों में व्यापारियों के पास वैध बिल, टैक्स भुगतान और नियमों के पूर्ण पालन के बावजूद अधिकारियों ने अनावश्यक दबाव बनाते हुए जबरदस्त पेनाल्टी लगाई और उसे तुरंत पटाने का दबाव बनाया। इस अनुचित रवैये से व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश और असंतोष है। इस कार्रवाई को लेकर

धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स (छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की जिला इकाई) ने आपात बैठक बुलाई, जिसमें शहर के लगभग 397 से 435 व्यापारी उपस्थित थे।

व्यापारियों ने कहा कि जब हम नियमों का पालन कर रहे हैं, टैक्स ईमानदारी से चुका रहे हैं, तो फिर हमें अपराधी की तरह क्यों व्यवहार किया जा रहा है? ऐसे माहौल में व्यापार कैसे करें ?

चेंबर पदाधिकारियों ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और इस विषय पर एक विशेष समिति का गठन किया, जो सबसे पहले जिला जीएसटी अधिकारी से मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज कराएगी। उसके बाद प्रदेश चेंबर के माध्यम से जीएसटी आयुक्त एवं मंत्री ओपी चौधरी से भेंट करेगी। यह प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्रालय नई दिल्ली तक व्यापारियों की आवाज पहुंचाएगा। चेंबर पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि ऐसी कार्रवाई बंद नहीं की गई तो व्यापारी वर्ग मजबूर होकर सामूहिक आंदोलन की राह अपनाएगा।

# 15वें वित्त आयोग तथा मूलभूत राशि का आवंटन न होने पर जताई चिंता

■ पंचायतों को अधिकार सशक्त बनाने सरपंच संघ की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय



**धमतरी।** जनपद सभा कक्ष में आयोजित सरपंच संघ की बैठक में पंचायतों के सशक्तिकरण और आर्थिक अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग तथा मूलभूत राशि के अब तक आवंटन न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। सरपंचों ने कहा कि राशि के अभाव में पंचायतों के विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। इस पर शासन-प्रशासन से अतिशीघ्र निधि जारी करने की मांग की ताकि जनहित से जुड़े कार्य पुनः शुरू हो सकें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सरपंचों का मानदेय नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों की तर्ज पर सम्मानजनक रूप से बढ़ाया जाए। पंचायत प्रतिनिधियों को शासन, प्रशासन और विभागीय कार्यों के लिए निरंतर आवागमन करना पड़ता है, जिसके लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता होती है।

लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद पंचायतों को मूलभूत आवश्यकताओं की दृष्टि से भी पर्याप्त राशि नहीं मिली है, जिससे सरपंचों में आक्रोश देखा गया। सरपंच संघ के अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू ने कहा कि 74वें संविधान संशोधन के बाद भी पंचायतों को वास्तविक अधिकार नहीं मिल पाया है। आर्थिक रूप से सशक्त किए बिना पंचायती राज व्यवस्था पारदर्शी और जवाबदेह नहीं बन सकती। बैठक में संरक्षक श्याम सुंदर सिन्हा,सचिव हेमंत नेताम, कोषाध्यक्ष रामकुमार यादव, मीडिया प्रभारी प्रेमू चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दानेश्वरी यादव, उमेश्वर नेताम, देववती कोर्राम, प्रसून शुक्ला सलाहकार, लक्ष्मी बया, श्रवण साहू के अलावा अनेक सरपंच उपस्थित थे।

12 नवंबर को धूमधाम से मनेगा मंदिर का स्थापना दिवस

# काल भैरव मंदिर में बिखरेगी भक्ति की रंगीन छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इतवारी बाजार स्थित प्राचीन काल भैरव मंदिर में इस वर्ष भी स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप देने का कार्य अंतिम चरण में है। जगह-जगह फूलों की सजावट और रंग-बिरंगी लाइट की जगमगाहट से मंदिर परिसर भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम बनने लगा है।

पंडित श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि काल भैरव मंदिर का स्थापना दिवस हर वर्ष मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर मनाया जाता है। इस वर्ष यह तिथि 12 नवंबर को पड़ रही है। इस अवसर पर श्रीरामचंद्र मंदिर न्यास एवं भक्त मंडल की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः श्रृंगार पूजन से होगी, जिसके पश्चात महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस अवसर पर न केवल धमतरी शहर बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु काल भैरव बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई और सजावट का कार्य निरंतर जारी है। भक्ति संगीत और भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियां इस आयोजन को और भी आध्यात्मिक बना देंगी। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि धमतरी की धार्मिक संस्कृति को भी नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

### कौन है काल भैरव बाबा



फाइल फोटो

धर्मग्रंथों के अनुसार काल भैरव भगवान शिव का उग्र और रक्षक रूप हैं। एक बार ब्रह्मा जी को अपने सृजन पर गर्व हो गया और उन्होंने शिवजी के प्रति अहंकार प्रकट किया। तब भगवान शिव ने उन्हें विनम्रता का पाठ पढ़ाने के लिए काल भैरव का रूप धारण किया। इस रूप में उन्होंने ब्रह्मा के पांचवें सिर को काट दिया, जिससे उन्हें पापमोचन' के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि इस कर्म से उन्हें ब्रह्महत्या का पाप लगा, जिसके प्रायश्चित हेतु वे काशी वाराणसी में जाकर भिक्षा मांगते हुए रुके। वहां भैरव बाबा को काशी का कोतवाल माना गया जो धर्म और न्याय की रक्षा करते हैं। काल भैरव समय, मृत्यु, अनुशासन और सत्य के प्रतीक हैं। भक्तों का विश्वास है कि जो सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उसके जीवन से भय, संकट और नकारात्मक शक्तियां समाप्त हो जाती हैं। जीवन में साहस, स्थिरता व शांति का संचार होता है।



# महिला शिक्षिका से पर्स लूटने वाला गिरफ्तार



■ सिटी कोतवाली पुलिस ने कुछ घंटों में ही लूट का मामला सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इलाज के लिए डॉक्टर के पास जा रही एक शिक्षिका शुक्रवार को लूट का शिकार हो गई थी। अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवक उसका पर्स लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी किरण धमगाय पेशे से शिक्षिका हैं। उसने सिटी कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे जब वह डॉ. हीरा महावर के क्लिनिक (मकई चौक पेट्रोल पंप के सामने) इलाज कराने जा रही थीं। अठवानी गली के पास स्कूटी खड़ी करके वे पैदल क्लिनिक की ओर जा रही थी, तभी दो अज्ञात युवक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से आए और उनका पर्स लूटकर फरार हो गए। पर्स में 2500 रूपये नगद, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेज थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्काल अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी प्रारंभ की। मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही मुकेश यादव उम्र 19 वर्ष निवासी कर्मा माता चौक नयापारा वार्ड को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि इस अपराध में उसके साथ एक नाबालिग भी शामिल था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर एनएस 200 मोटरसाइकिल, पर्स, 500 रूपये नगद रूपये, 2 एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने मनाया दिवाली मिलन



■ राज्यपाल सम्मानित शिक्षकों ने अपने नवाचार एवं उल्लेखनीय कार्यों को साझा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा धमतरी के तत्वावधान में दिवाली मिलन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम ने की। कार्यक्रम में डॉ. भूषण लाल चंद्राकार जिलाध्यक्ष, देवनाथ साहू प्रांतीय उपाध्यक्ष, सविता छाटा प्रांतीय महिला प्रतिनिधि, बलराम तारम जिला सचिव, तुनेश्वरी साहू जिला महिला प्रतिनिधि तथा देवेंद्र भारद्वाज ब्लॉक महामंत्री अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार साहू ब्लॉक सचिव ने किया। स्वागत उद्बोधन में ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम ने कार्यक्रम के उद्देश्य, रूपरेखा और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। कौशल कुमार चंद्राकर को सर्वसम्मति से ब्लॉक कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक एलबी संवर्ग के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, डॉ. आशीष नायक, डॉ. मंजूषा साहू, डॉ. प्रदीप साहू, दीनबंधु सिन्हा एवं प्रीति शांडिल्य का सम्मान पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और पेन भेंट कर किया गया। आगामी वर्ष राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित लीलाराम साहू का भी सम्मान हुआ।

राज्यपाल सम्मानित शिक्षकों ने अपने नवाचार एवं उल्लेखनीय कार्यों को साझा करते हुए अन्य शिक्षकों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम को रचनात्मक और अनुकरणीय बताते हुए सभी पदाधिकारियों ने शिक्षक संवर्ग को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राहुल नेताम, कैलाश प्रसाद साहू, शीतल नायक, कांति भारद्वाज, केसर शांडिल्य, अनुसुईया सिन्हा, फनेंद्र शांडिल्य, हृदय रामटेके, खूबलाल साहू, रामप्रसाद नाग, दीपेंद्र साहू, डोमन सिन्हा, नूटेश साहू, रामाधीन ध्रुव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बनाई मानव श्रृंखला

**नगरी।** राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


स्वामी जी
93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020